Australian Government

NATIONAL BOWEL CANCER SCREENING PROGRAM




# सूचना पुस्तिका

टेस्ट किट हेल्पलाइन: 1800 930 998

प्रोग्राम सूचना सेवा: 1800 118 868

# विषय-वस्तु

नेशनल बॉउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम (राष्ट्रीय आंत्र कैंसर जाँच कार्यक्रम) के बारे में ......... 3
बॉउल कैंसर ........................................................................................ 5
आपकी टेस्ट किट ................................................................................. 9
कोलोनोस्कोपी ..................................................................................... 13
प्रोग्राम रजिस्टर ................................................................................... 14
क्या आपको सहायता की ज़रूरत है? ..................................................... 20

## कॉपीराइट

© 2017 स्वास्थ्य विभाग (Department of Health) द्वारा कॉमनवेल्थ ऑफ ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए

यह कार्य कॉपीराइट है। आप अपने व्यक्तिगत प्रयोग के लिए, या यदि आप किसी संस्था का भाग हैं तो अपनी संस्था में अंदरूनी प्रयोग के लिए, केवल उसी परिस्थिति में इस पूरे कार्य या इस कार्य के भाग की नकल, इसे प्रिंट, डाउनलोड, प्रदर्शित और पुन:निर्मित कर सकते हैं यदि आप या आपकी संस्था:

(क) किसी वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए इस नकल या पुन:निर्माण का प्रयोग न करे; और

(ख) इस कॉपीराइट नोटिस और उस नकल या पुन:निर्माण के भाग के तौर पर सभी अस्वीकरण नोटिसों को संभाल कर रखे।

कॉपीराइट अधिनियम 1968 (कॉमनवेल्थ) द्वारा अनुमति-प्राप्त या इस कॉपीराइट नोटिस द्वारा अनुमति-प्राप्त अधिकारों के अलावा, सभी अन्य अधिकार संरक्षित हैं, इनमें सभी वाणिज्यिक अधिकार शामिल हैं (पर ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं)।

पुन:निर्माण और प्रयोग करने से जुड़े अन्य अधिकारों से सम्बन्धित निवेदन और पूछताछ Communication Branch, Department of Health, GPO Box 9848, Canberra ACT 2601 को या copyright@health.gov.au पर ई-मेल से भेजी जानी चाहिए।

**यह सूचना पुस्तिका पूरी तरह से व्यापक नहीं हो सकती है और इसका उद्देश्य केवल एक संदर्शिका उपलब्ध कराना ही है। इसे व्यक्तिगत चिकित्सीय परामर्श के स्थान पर नहीं लिया जाना चाहिए और यदि अपने स्वास्थ्य के बारे में आपकी कोई शंकाएँ हैं या आपके कोई अन्य सवाल हैं तो आपको अपने डॉक्टर के साथ इनके बारे में बात करनी चाहिए।**

**आपको यह टेस्ट क्यों करना चाहिए**

- यह टेस्ट करने से आपकी जान बच सकती है
- यह टेस्ट शुरू में ही बॉउल कैंसर का पता लगाने में मदद करता है
- बॉउल कैंसर बिना किन्हीं लक्षणों के विकसित हो सकता है
- बॉउल कैंसर का खतरा 50 साल की आयु से तेज़ी से बढ़ता है
- अच्छी बात यह है कि यदि शुरू में ही इसका पता लगाया जाए, तो बॉउल कैंसर के 10 में से 9 मामलों का इलाज सफलतापूर्वक किया जा सकता है
- डॉक्टर 50 से 74 साल तक की आयु के दौरान हर दो साल बाद घर पर यह टेस्ट करने का सुझाव देते हैं



## यह टेस्ट किसे करना चाहिए?

- ✓ 50 से 74 साल की आयु वाले लगभग हर व्यक्ति को
- ✓ महिलाओं और पुरूषों दोनों को
- ✓ स्वस्थ लोगों को भी – आयु बॉउल कैंसर का सबसे बड़ा खतरा कारक है
- ✓ उन लोगों को जो यह टेस्ट पहले कर चुके हैं – डॉक्टर हर दो साल बाद यह स्क्रीनिंग करने का सुझाव देते हैं।

- यदि आपको बॉउल कैंसर के लक्षण हैं या इसकी दृढ़ पारिवारिक पृष्ठभूमि है (बॉउल कैंसर अनुभाग, पृष्ठ 5 देखें) तो जितनी जल्दी संभव हो अपने डॉक्टर से इस बारे में बात करें कि आपको किस तरह की टेस्टिंग की ज़रूरत पड़ सकती है।
- यदि पिछले दो सालों में आपकी कोलोनोस्कोपी हुई हो या यदि आप बॉउल (आंत या मल संबंधी) समस्याओं के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह ले रहे हैं तो हो सकता है कि आपको यह टेस्ट कराने की ज़रूरत न पड़े।

## इस टेस्ट में क्या पता लगाया जाता है?

- स्क्रीनिंग टेस्ट उन लोगों के मल (शौच) में रक्त के छोटे अवशेषों की जांच करती है जिन्हें लक्षण नहीं होते हैं।
- बॉउल कैंसर या पॉलिप्स (छोटी गांठ) आंत की भीतरी दीवार में विकास कर सकती है। अक्सर इस वृद्धि से छोटी मात्रा में रक्त का रिसाव होता है और किन्हीं लक्षणों के देखे जाने से पहले इन्हें मल में पाया जा सकता है।
- पॉलिप्स कैंसर नहीं होते हैं, परन्तु समय के साथ-साथ ये कैंसर में विकसित हो सकते हैं। इन्हें आसानी से हटाया जा सकता है, जिससे बॉउल कैंसर विकसित होने के खतरे को कम किया जा सकता है।
- यदि आपके सैम्पल में रक्त पाया जाता है तो ऐसा कैंसर के अलावा अन्य कई कारणों के फलस्वरूप हो सकता है परन्तु परिणाम की चर्चा करने के लिए आपको अपने डॉक्टर से मिलने की ज़रूरत होगी। रक्तस्राव के कारण का पता लगाने के लिए आपका डॉक्टर कोलोनोस्कोपी कराने का सुझाव दे सकता है (कोलोनोस्कोपी अनुभाग, पृष्ठ 13 देखें)।

## आपकी बॉउल (आपकी आंत) क्या काम करती है

आपकी बॉउल (आंत) आपके पाचन तंत्र का भाग है। आपके शरीर का यह भाग भोजन को विभाजित करके इसे मल-त्याग (शौच) के द्वारा आपके शरीर से बाहर निकालता है।

**आपकी आंत के तीन भाग हैं:**

- छोटी आंत – जो विभाजित किए भोजन से पौष्टिक तत्व सोखती है
- बड़ी आंत (कोलोन) – जो मुख्यत: पानी सोखती है
- मलाशय – जो मल को गुदा (मलद्वार) से बाहर निकलने तक शरीर में रखता है।




## बॉउल कैंसर (आंत का कैंसर) क्या होता है?

- बॉउल कैंसर आम तौर पर सबसे अधिक बड़ी आंत (कोलोन) में विकसित होता है
- अधिकांश बॉउल कैंसर बॉउल लाइनिंग में पॉलिप्स कहे जाने वाली छोटी गांठों से विकसित होते हैं
- सभी पॉलिप्स कैंसर में परिवर्तित नहीं होते हैं
- पॉलिप्स को हटाने से आपके बॉउल कैंसर का खतरा कम होता है।

## बॉउल कैंसर के चरण




## बॉउल कैंसर के लक्षण क्या हैं?

बॉउल कैंसर बिना किन्हीं लक्षणों के विकसित हो सकता है। इसलिए हर दो साल बाद स्क्रीन (जांच) करना महत्वपूर्ण है। लक्षणों में निम्न शामिल हो सकते हैं:

- आपके पेशाब, मल या टॉयलट बॉउल में रक्त
- शौच जाने की आपकी आदत में हाल ही में स्थायी बदलाव, जैसे कि दस्त, गंभीर रूप से कब्ज़ और/या आपको सामान्य से अधिक बार शौच जाने की ज़रूरत होना
- अस्पष्टीकृत रूप से थकावट होना या वज़न कम होना
- पेट में दर्द।

**लक्षणों को जानें:**

- यदि आप इनमें से किन्हीं लक्षणों को देखते हैं, तो इसका यह अर्थ नहीं है कि आपको बॉउल कैंसर है, परन्तु यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप अपने डॉक्टर से बात करें।
- बॉउल कैंसर 50 साल से कम आयु वाले लोगों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए यह सुनिश्चित करें कि आपके परिवार के सभी सदस्य और मित्र इन लक्षणों से अवगत हैं और यदि उन्हें चिंताएँ हैं तो वे अपने डॉक्टर से बात करते हैं।

पृष्ठ 5 व 6 में दिए चित्रण मूल चित्रों से रूपांतरित किए गए हैं, The Cancer Council Victoria के सौजन्य से।

**आपको बॉउल कैंसर का अधिक खतरा हो सकता है यदि:**

- आपकी आयु 50 साल से अधिक है
- आपका वज़न ज़रूरत से अधिक है
- आपकी खुराक में लाल मांस या प्रोसेस्ड मांस (जैसे कि बेकन, सॉसेजिस) की मात्रा अधिक है
- आपकी खुराक में सब्जियाँ, फल, सेम (फलियाँ) और साबुत अनाज (जैसे कि होलमील ब्रेड, ब्राउन राइस) कम है
- आप धूम्रपान करते हैं
- शराब पीते हैं
- आप आंत के सूजन संबंधी रोग से पीड़ित हैं (जैसे कि Crohn's रोग या अल्सरेटिव कोलाइटिस)
- आप पहले आंत में गैर-कैंसर संबंधी ट्यूमर से पीड़ित रह चुके हैं
- बॉउल कैंसर की आपकी दृढ़ पारिवारिक पृष्ठभूमि है।

**बॉउल कैंसर की दृढ़ पारिवारिक पृष्ठभूमि क्या है?**

बॉउल कैंसर की दृढ़ पारिवारिक पृष्ठभूमि उस परिस्थिति में होती है यदि:

⇨ किसी करीबी रिश्तेदार (माता-पिता, भाई, बहन या संतान) को छोटी आयु (55 साल से कम) में बॉउल कैंसर हुआ हो; या

⇨ आपके परिवार में एक से अधिक करीबी रिश्तेदार को किसी आयु में बॉउल कैंसर हुआ हो।

यदि आपको लगता है कि बॉउल कैंसर की आपकी दृढ़ पारिवारिक पृष्ठभूमि है, तो रोग से ग्रस्त होने के अपने खतरे और अपने लिए सही टेस्टिंग (जांच) के बारे में अपने डॉक्टर से बात करें।

**बॉउल कैंसर से ग्रस्त होने वाले 80% लोगों की इस रोग की कोई पारिवारिक पृष्ठभूमि नहीं होती है**



**आप बॉउल कैंसर के अपने खतरे को कम कर सकते हैं**

हालाँकि कोई भी कैंसर पूरी तरह से रोकथाम किए जाने योग्य नहीं होता है, पर आप निम्न कार्य करके बॉउल कैंसर के अपने खतरे को कम कर सकते हैं:

- ✓ स्वास्थ्य के लिए हितकर आहार का सेवन करके
  - ⇨ लाल मांस के सेवन को सीमित करके (प्रति सप्ताह 500 ग्राम से कम), प्रोसेस्ड मांस के सेवन से परहेज करके
  - ⇨ अधिक अनाज, सब्जियाँ, फल और सेम खाकर
  - ⇨ अधिक कैलोरी वाले खाद्य-पदार्थ और शूगर युक्त पेय पदार्थ से परहेज करके
- ✓ हर रोज़ कम से कम 30 मिनट के लिए शारीरिक रूप से सक्रिय होकर, और कम बैठे रहकर
- ✓ अपनी शराब पीने की मात्रा को कम करके
- ✓ धूम्रपान न करके
- ✓ शुरूआत में ही बॉउल में परिवर्तन का पता लगाने के लिए हर दो साल बाद स्क्रीनिंग करके जब इनका इलाज करना अधिक आसान हो




**क्योंकि इन लक्षणों के प्रकट होने से पहले बॉउल कैंसर का पता लगा सकता है**




**आपको टेस्ट किट का प्रयोग करना याद दिलाने के सुझाव**

- इसे किसी ऐसी जगह रखें जहाँ आप इसे देख सकें जो आपको इसका प्रयोग करना याद दिलाए (उदाहरणत: आपकी वैनिटी या टॉयलट सीट पर)।
- जिस दिन आप अपने सैम्पल (नमूने) लेंगे, वे दिन पक्के कर लें (उदाहरणत: अगले सप्ताह सोमवार व मंगलवार)।

### टेस्ट किट में क्या शामिल है?

यह नि:शुल्क स्क्रीनिंग टेस्ट जल्दी होने वाला साफ और आसान टेस्ट है – और आप इसे घर पर करते हैं। आपको अपनी खुराक या दवाईयों में कोई परिवर्तन करने की ज़रूरत नहीं है। टेस्ट में क्लेकशन स्टिक द्वारा दो अलग-अलग मल (शौच) से मल के दो छोटे सैम्पल (नमूने) लेना शामिल है। इसके बाद आप प्रोग्राम प्रयोगशाला को ये सैम्पल डाक से भेजते हैं। सैम्पल की जांच रक्त के छोटे, दिखाई न देने वाले अवशेषों का पता लगाने के लिए की जाती है।

### सही परिणाम प्राप्त करना – अपने सैम्पल सुरक्षित रखें

यह टेस्ट रक्त का पता लगाने के लिए अत्यधिक रूप से सही होता है। परन्तु, यदि सैम्पल का टेस्ट करने में देरी होती है या सैम्पल लंबी अवधि के लिए उच्च तापमान में रखे जाते हैं तो रक्त टूट सकता है और इसका पता लगाना अधिक कठिन हो सकता है। इसके फलस्वरूप गलत परिणाम आ सकता है।

दोनों सैम्पल लेने के समय में ज्यादा दूरी न रखना, इन्हें फ्रिज में रखना और इन्हें जल्दी से डाक से भेजना सही परिणाम प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण होता है।

## आपके सैम्पलों को फ्रिज में रखना क्यों ज़रूरी है?

फ्रिज आपके सैम्पल के लिए सबसे स्थिर स्थितियाँ प्रदान करता है और सुरक्षित पैकेजिंग के साथ, आपके फ्रिज के अन्य सामग्री में संदूषण होने का कोई खतरा नहीं होता है। अपने सैम्पल फ्रीज़र में न रखें।

## अपने परिणाम प्राप्त करना

आपके द्वारा अपने सैम्पल डाक से भेजे जाने के कुछ सप्ताहों बाद आपके परिणाम आपको और आपके डॉक्टर को (यदि आपने किसी डॉक्टर को नामांकित किया है तो) डाक से भेजे जाएँगे।

## नेगिटिव परिणाम

यदि आपके सैम्पलों में रक्त नहीं पाया जाता है, तो आपका टेस्ट परिणाम नेगिटिव होगा और फिलहाल आगे कोई कार्यवाही करने की ज़रूरत नहीं है। परन्तु, इसका यह अर्थ नहीं है कि आपको बॉउल कैंसर नहीं है या यह विकसित नहीं हो सकता है, क्योंकि बॉउल कैंसर के कुछ प्रकारों में रक्त बहने की स्थिति या कभी रक्त बहने व कभी न बहने की स्थिति होती है। प्रोग्राम में प्रयोग किए जाने वाले टेस्ट जैसे अन्य टेस्ट बॉउल कैंसर के 85% तक मामलों का पता लगा सकते हैं। इसलिए हर दो साल बाद स्क्रीन (जांच) करानी महत्वपूर्ण है और यदि नेगिटिव परिणाम आने के बाद आप में लक्षण आते हैं तो अपने डॉक्टर से बात करें (पृष्ठ 6 पर लक्षणों के लिए बॉउल कैंसर अनुभाग देखें)।

## पॉजिटिव परिणाम

यदि आपके सैम्पलों में रक्त पाया जाता है, तो आपका टेस्ट परिणाम पॉजिटिव होगा और आपके लिए यह ज़रूरी होगा कि आप अपने डॉक्टर के साथ परिणाम की चर्चा करें। पॉजिटिव परिणाम कैंसर के अलावा अन्य समस्याओं (जैसे कि पॉलिप्स, बवासीर या आंत की सूजन) के कारण हो सकता है, परन्तु इसकी जांच-पड़ताल करना महत्वपूर्ण है। आपका डॉक्टर रक्तस्राव के कारण का पता लगाने के लिए आगे और टेस्ट करने का सुझाव दे सकता है, इसे आम-तौर पर कोलोनोस्कोपी कहते हैं।

## प्रोग्राम कौन सा टेस्ट उपलब्ध कराता है?

टेस्ट को इम्युनोकेमिकल फीकल अकल्ट ब्लड टेस्ट (iFOBT) कहते हैं।

2020 तक




**साल तक की आयु वाले लोगों को हर दो साल बाद डाक द्वारा एक फ्री (नि:शुल्क) किट भेजी जाएगी**

**क्या आपको अभी टेस्ट की ज़रूरत नहीं है या आप प्रोग्राम का भाग नहीं बनना चाहते हैं?**

प्रोग्राम में भाग लेना आपका फैसला है।

आप अपने टेस्ट को विलंबित (स्थगित) करने या प्रोग्राम से खुद को हटाए जाने (नाम वापिस लेने) का चयन कर सकते हैं। प्रोग्राम सूचना सेवा को **1800 118 868** पर फोन करें या इस पुस्तिका के पिछले भाग पर दिया फॉर्म भरें (पृष्ठ 17)।

- यदि आप प्रोग्राम *स्थगित* करते हैं, तो आप इसमें दोबारा शामिल होने की तिथि का चयन कर सकते हैं। आप एक साल तक के लिए अपनी सहभागिता को स्थगित कर सकते हैं।
- यदि आप प्रोग्राम से *नाम वापिस लेने* का चयन करते हैं, तो आपको प्रोग्राम से आगे कोई और फ्री टेस्ट किट या पत्राचार प्राप्त नहीं होगा। प्रोग्राम रजिस्टर में आपके रिकॉर्ड पर बॉउल स्क्रीनिंग से संबंधित आगे कोई और क्लिनिकल सूचना रखी नहीं जाएगी।

आप किसी भी समय प्रोग्राम से दोबारा जुड़ सकते हैं।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी का प्रबंध किस प्रकार किया जाएगा, इस बारे में जानकारी के लिए कृपया पृष्ठ 14 पर प्रोग्राम रजिस्टर अनुभाग या www.cancerscreening.gov.au/nbcsp-privacy वेबसाइट देखें।

## यदि आप भाग नहीं लेना चाहते हैं तो आपको अपनी टेस्ट किट का क्या करना चाहिए?

अपनी अवांछित टेस्ट किट कूड़ेदान में डालें। अपनी प्रयोग न की गई किट वापिस न भेजें या इसे किसी दूसरे व्यक्ति को न दें।

## यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जिसे किट चाहिए हो सकती है तो क्या?

यदि आप **50** से **74** साल की आयु वाले किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जो टेस्ट करना चाहता है, तो वह व्यक्ति और अधिक जानकारी के लिए प्रोग्राम सूचना सेवा को**1800 118 868** पर फोन कर सकता है या www.cancerscreening.gov.au/bowel वेबसाइट देख सकता है।

यदि आपके मल (शौच) में रक्त के आपके परिणाम पॉजिटिव आते हैं, तो आपका डॉक्टर कोलोनोस्कोपी के लिए आपको रेफर कर सकता है?

## कोलोनोस्कोपी क्या है?

कोलोनोस्कोपी एक कार्यविधि है जिसमें आपको बेहोश करके (निद्रा की अवस्था) आपकी आंत के अंदर देखा जाता है। डॉक्टर पॉलिप्स या कैंसर-संबंधी वृद्धि देखने के लिए गुदा में एक तंग लचकीली ट्यूब डालता है जिसमें एक छोटा कैमरा लगा होता है। सभी चिकित्सीय कार्यविधियों के समान ही, इसमें खतरे और लाभ दोनों होते हैं। परन्तु, शुरूआत में ही कैंसर का पता लगाने के लाभ कोलोनोस्कोपी के संभावित खतरों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप कोलोनोस्कोपी कराने से पहले अपने डॉक्टर के साथ खतरों और लाभों की चर्चा करें।

## क्या आपको कोलोनोस्कोपी के लिए भुगतान करना होगा?

सरकारी अस्पताल में रोगी के तौर पर कोलोनोस्कोपी कराने में कोई शुल्क नहीं लगता है। यदि आप गैर-सरकारी अस्पताल में रोगी के तौर पर अपनी कोलोनोस्कोपी कराते हैं तो आपको शुल्क देना पड़ सकता है। कोलोनोस्कोपी कराने से पहले किन्हीं आर्थिक खर्चों के बारे में आपको अपने डॉक्टर से बात करनी चाहिए।

## यदि कोलोनोस्कोपी में कुछ पाया जाता है तो क्या होता है?

यदि पॉलिप्स या कोई अन्य प्रकार की वृद्धि पाई जाती है, तो डॉक्टर आम-तौर पर तुरंत ही इन्हें हटा देगा और कैंसर की जांच करने के लिए इन्हें प्रयोगशाला में भेजेगा।

यदि बॉउल कैंसर पाया जाता है तो आपको सर्जरी कराने की ज़रूरत पड़ सकती है। यदि यह शुरूआती चरण में पाया जाता है, तो पूर्ण रिकव्री (पूरी तरह से पुन: स्वस्थ) होने की संभावना अधिक होती है और अधिकांश लोग अपनी सामान्य जीवन-शैली को वापिस शुरू करने में सक्षम होंगे। प्रोग्राम के माध्यम से पाए जाने वाले वाले अधिकांश कैंसर शुरूआती चरण में होते हैं।

## यदि कोलोनोस्कोपी में कुछ सामने नहीं आता है, तो क्या?

यदि कोई पॉलिप्स या कैंसर-संबंधी वृद्धि नहीं पाई जाती है, तो आपके अगली बार पात्र होने पर प्रोग्राम आपको एक अन्य टेस्ट भेजेगा। इस बीच, यदि आप में कोई लक्षण आते हैं (पृष्ठ **6** पर बॉउल कैंसर अनुभाग देखें), तो आपको डॉक्टर से मिलना चाहिए।

## प्रोग्राम रजिस्टर में किस प्रकार की जानकारी रखी जाती है?

प्रोग्राम रजिस्टर में निम्न प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी रखी जाती है:

- आपका Medicare नम्बर
- आपके संपर्क विवरण
- आपके प्रोग्राम स्क्रीनिंग टेस्ट के परिणाम
- आपके नामांकित डॉक्टर का नाम
- आगे के टेस्ट (उदाहरणत: कोलोनोस्कोपी) के परिणाम जो अपने प्रोग्राम के बाद शायद आपको कराने पड़े हों। स्क्रीनिंग टेस्ट।

## इस जानकारी का प्रयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाएगा?

इस जानकारी का उद्देश्य निम्न उद्देश्यों के लिए किया जाएगा:

- आपको अपनी टेस्ट किट प्रयोग करने का स्मरण कराने के लिए
- फॉलो-अप प्राप्त करने और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करने में आपकी मदद करने के लिए
- भविष्य में आपको अन्य टेस्ट किट का प्रयोग करने हेतु आमंत्रित करने के लिए
- मेडिकल सेवा प्रदाताओं से संपर्क करने के लिए ताकि आपके टेस्ट परिणाम प्रदान करने का निवेदन किया जा सके
- प्रोग्राम पर और ऑस्ट्रेलिया में बॉउल कैंसर पर इसके प्रभावों पर नज़र रखने और इनका मूल्यांकन करने के लिए।

## मेरी जानकारी किसे प्रदान की जाएगी?

रजिस्टर में रखी व्यक्तिगत जानकारी उन स्वास्थ्य एवं अन्य व्यवसायियों को प्रदान की जा सकती है जो प्रोग्राम के अधीन सेवाएँ प्रदान करते हैं, जैसे कि:

- आपका नामांकित डॉक्टर
- चिकित्सा विशेषज्ञ
- आपके सैम्पलों (नमूनों) की टेस्टिंग के लिए जिम्मेदार पैथॉलोजी प्रयोगशाला
- राज्य एवं टेरेटरी (राज्य-क्षेत्र) के स्वास्थ्य विभागों के कर्मचारी और कांट्रेक्ट प्राप्त सेवा प्रदाता
- ऑस्ट्रेलियाई सरकार का स्वास्थ्य विभाग
- स्वास्थ्य एवं कल्याण का ऑस्ट्रेलिया संस्थान
- अधिकार-प्राप्त तृतीय पक्ष सेवा प्रदाता
- आपके द्वारा नामांकित कोई अधिकार-प्राप्त तृतीय पक्ष।

## गोपनीयता

प्रोग्राम रजिस्टर में रखी आपकी व्यक्तिगत जानकारी और टेस्ट परिणाम *गोपनीयता अधिनियम 1988 (Privacy Act 1988)* द्वारा सुरक्षित हैं और इनका प्रबंध इस अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा।

अधिक जानकारी प्रोग्राम की वेबसाइट www.cancerscreening.gov.au/nbcsp-privacy पर उपलब्ध है




**तक मामलों का उस परिस्थिति में सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है यदि इनका पता शुरू में ही लगा लिया जाए**

For information in your language go to www.cancerscreening.gov.au/translations
or call the Translating and Interpreting Service on 13 14 50.

ARABIC

للمعلومات باللغة العربية تفضل بزيارة الموقع الإلكتروني
www.cancerscreening.gov.au/translations أو اتصل
بخدمة الترجمة الخطية والشفهية على الرقم 13 14 50.

ASSYRIAN

ܩܵܐ ܡܘܼܕܲܥܬܵܐ ܒܠܸܫܵܢܵܐ ܐܵܬܘܿܪܵܝܵܐ، ܚܙܝܼܡܘܿܢ ܠܬܪܘܿܨܵܐ
www.cancerscreening.gov.au/translations ܝܢ ܡܩܪܘܿܢ، ܩܵܐ ܫܸܠܡܲܬ
ܕܬܲܪܓܡܵܐ ܘܡܦܲܫܩܵܐ (Translating and Interpreting Service) ܥܲܠ
ܡܸܢܝܵܢܵܐ 13 14 50.

CHINESE SIMPLIFIED

关于这个计划的中文资料请见：
www.cancerscreening.gov.au/translations您也可以致电翻译口译服务处，号码是13 14 50。

CHINESE TRADITIONAL

關於這個計劃的中文資料請見：
www.cancerscreening.gov.au/translations 您也可以致電翻譯口譯服務處，號碼是13 14 50。

CROATIAN

Za informacije o programu na hrvatskom jeziku idite na www.cancerscreening.gov.au/translations, ili nazovite Službu prevoditelja i tumača na 13 14 50.

GREEK

Για πληροφορίες στα ελληνικά επισκεφθείτε το www.cancerscreening.gov.au/translations ή καλέστε την Υπηρεσία Μεταφραστών και Διερμηνέων στο 13 14 50.

HAZARAGI

بلده مالومات ده زیبون هزارگی، ده ویبسایت زیر مراجعه کنین
www.cancerscreening.gov.au/translations و یا که ده
شماره 13 14 50 با خدمات ترجمانی تماس بیگرین.

HINDI

हिन्दी में सूचना के लिए www.cancerscreening.gov.au/translations देखें या अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service) को 13 14 50 पर फोन करें।

ITALIAN

Per informazioni in italiano visitate www.cancerscreening.gov.au/translations o chiamate il Servizio traduzioni e interpretariato al numero 13 14 50.

KHMER

សម្រាប់ព័ត៌មានបន្ថែមទៀតជាភាសាខ្មែរ សូមមើលគេហទំព័រ
www.cancerscreening.gov.au/translations
ឬទូរស័ព្ទទៅសេវាបកប្រែ សរសេរ និងនិយាយ តាមលេខ 13 14 50។

KOREAN

한국어로 된 정보를 원하시면
www.cancerscreening.gov.au/translations 를 방문하시거나 통번역 서비스13 14 50로 연락하시기 바랍니다.

MACEDONIAN

За информации на македонски јазик одете на www.cancerscreening.gov.au/translations или јавете се на Службата за писмено и усмено преведување на 13 14 50.

NEPALESE

त्रको माथिल्लो भागमा उल्लेख गरिए बमोजिम नेपालिमा जानकारीको लागि www.cancerscreening.gov.au/translations मा जानुहोला अथवा ट्रान्सलेटिङ्ग एण्ड ईन्टरपेटिंङ्ग सर्भिस को १३१ ४५० मा सम्पर्क गर्नुहोला।

PERSIAN

برای کسب اطلاعات به فارسی، به آدرس
www.cancerscreening.gov.au/translations مراجعه کنید یا
با خدمات ترجمه کتبی و شفاهی به شماره 13 14 50 تماس بگیرید.

POLISH

Informację o programie w języku polskim znaleźć można na stronie www.cancerscreening.gov.au/translations, lub dzwoniąc do Telefonicznej Służby Tłumaczy pod numer 13 14 50.

PORTUGUESE

Para informações em português acesse www.cancerscreening.gov.au/translations ou ligue para o Serviço de Tradutores e Intérpretes discando 13 14 50.

PUNJABI

ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ ਜਾਣਕਾਰੀ ਵਾਸਤੇ www.cancerscreening.gov.au/translations ਉੱਤੇ ਜਾਓ ਜਾਂ ਅਨੁਵਾਦ ਤੇ ਦੁਭਾਸ਼ੀਆ ਸੇਵਾ (Translating and Interpreting Service) ਨੂੰ 13 14 50 ਤੇ ਫੋਨ ਕਰੋ।

RUSSIAN

За информацией на русском языке перейдите на сайт: www.cancerscreening.gov.au/translations или позвоните в Службу письменного и устного перевода TIS по тел. 13 14 50.

SERBIAN

За информације на српском, погледајте www.cancerscreening.gov.au/translations или назовите Службу преводилаца и тумача на 13 14 50.

SPANISH

Para obtener información en español, visite www.cancerscreening.gov.au/translations, o llame al Servicio de Traducción e Interpretación, en el 13 14 50.

TURKISH

Türkçe bilgi için www.cancerscreening.gov.au/translations adresini ziyaret edebilir veya 13 14 50'den Yazılı ve Sözlü Çeviri Servisi'ni arayabilirsiniz.

VIETNAMESE

Muốn biết thông tin tiếng Việt, truy cập www.cancerscreening.gov.au/translations, hoặc gọi cho Dịch vụ Thông Phiên dịch (TIS) qua số 13 14 50.

# नाम वापिस लेने का फॉर्म

यदि आप प्रोग्राम में भाग नहीं लेना चाहते हैं तो इस फॉर्म का प्रयोग किया जाना चाहिए।

ID नम्बर

(आपको यह अपने आमंत्रण पत्र के शीर्ष भाग पर दिखेगा)

कुलनाम

जन्म तिथि / /

प्रथम नाम

महिला

पुरूष

कृपया प्रोग्राम से नाम वापिस लेने का अपना कारण बताएँ:

- नियमित तौर पर कोलोनोस्कोपी हो रही है
- नियमित तौर पर FOBT स्क्रीनिंग हो रही है
- डॉक्टर ने भाग न लेने की सलाह दी है
- कैंसर की देखरेख चल रही है
- गोपनीयता संबंधी शंकाएँ
- प्रक्रिया को लेकर असुखद हैं
- इसमें रूचि नहीं है
- अन्य

मैं समझता हूँ कि नाम वापिस लेने का चयन करके:

- मुझे कोई रिमाइंडर लेटर नहीं मिलेंगे और मुझे भविष्य में स्क्रीनिंग (जांच) के लिए आमंत्रित नहीं किया जाएगा, बशर्ते कि मैं प्रोग्राम को यह सूचना देता हूँ कि मैं इसमें शामिल होना चाहता हूँ।
- यदि मैनें प्रोग्राम से नाम वापिस ले लिया है परन्तु इसके बाद मैं प्रोग्राम FOBT करके भाग लेने का निर्णय लेता हूँ, तो मुझे प्रोग्राम का सहभागी माना जाएगा। इसका यह अर्थ है कि मेरे टेस्ट परिणाम प्रोग्राम रजिस्टर में रिकॉर्ड किए जाएँगे और ज़रूरत पड़ने पर मुझे रिमाइंडर लेटर भेजे जाएँगे।

हस्ताक्षर

दिनांक / /

कृपया ध्यान दें: इस फॉर्म पर उस व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए जिसे या तो प्रोग्राम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है या फिर कोई तृतीय पक्ष जिसे उनकी ओर से ऐसा करने का अधिकार प्राप्त है। यदि आप आमंत्रित व्यक्ति की ओर से हस्ताक्षर कर रहे हैं तो कृपया नीचे अपना नाम और संपर्क विवरण प्रदान करें:

अधिकार-प्राप्त तृतीय पक्ष का नाम

अधिकार-प्राप्त तृतीय पक्ष के संपर्क नम्बर:

काम: (  )  घर: (  )  (मोबाइल)

जब आप यह फॉर्म पूरा कर लेते हैं, तो कृपया इसे पुस्तिका से हटाकर निम्न पते पर प्रोग्राम रजिस्टर पर भेजें (कोई डाक टिकट लगाने की ज़रूरत नहीं है):

**NBCSP Register**
**Reply Paid 83245**
**Canberra BC ACT 2610**

# स्थगित करने का फॉर्म

यदि आप किसी समयावधि के लिए प्रोग्राम में अपनी सहभागिता को स्थगित करना चाहते हैं तो इस फॉर्म का प्रयोग किया जाना चाहिए।

ID नम्बर | | | | | | | | | | |

(आपको यह अपने आमंत्रण पत्र के शीर्ष भाग पर दिखेगा)

कुलनाम ____________ जन्म तिथि   /   /

प्रथम नाम ____________ महिला ☐ पुरूष ☐

☐ डॉक्टर की सलाह लेने की कोशिश कर रहे हैं

☐ हाल ही में बॉउल कैंसर की स्क्रीनिंग हुई है

☐ हाल ही में कोलोनोस्कोपी हुई है

☐ रोग से पीड़ित हैं

☐ यात्रा कर रहे हैं

☐ अन्य

मैं निम्न समयावधि तक अपनी सहभागिता को स्थगित करना चाहता हूँ (निम्न में से एक पर सही का निशान लगाएँ):

☐   /   /   (कृपया वह तिथि लिखें जब आप प्रोग्राम से दोबारा जुड़ना चाहते हैं। यह आपको प्रोग्राम में भाग लेने के लिए आमंत्रित की गई तिथि से एक वर्ष से अधिक की कोई तिथि नहीं हो सकती है)

☐ मैं अगली बार प्रोग्राम में भाग लेने के लिए पात्र हूँ

हस्ताक्षर ____________ दिनांक   /   /

कृपया ध्यान दें: इस फॉर्म पर उस व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए जिसे या तो प्रोग्राम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है या फिर कोई तृतीय पक्ष जिसे उनकी ओर से ऐसा करने का अधिकार प्राप्त है। यदि आप आमंत्रित व्यक्ति की ओर से हस्ताक्षर कर रहे हैं तो कृपया नीचे अपना नाम और संपर्क विवरण प्रदान करें:

अधिकार-प्राप्त तृतीय पक्ष का नाम ____________

अधिकार-प्राप्त तृतीय पक्ष के संपर्क नम्बर:

काम: (   ) ____ घर: (   ) ____ (मोबाइल) ____

जब आप यह फॉर्म पूरा कर लेते हैं, तो कृपया इसे पुस्तिका से हटाकर निम्न पते पर प्रोग्राम रजिस्टर पर भेजें (कोई डाक टिकट लगाने की ज़रूरत नहीं है):

**NBCSP Register**
**Reply Paid 83245**
**Canberra BC ACT 2610**

## क्या आपको सहायता की ज़रूरत है?

यदि आपको और अधिक जानकारी चाहिए तो नीचे दी गई संस्थाएँ आपकी मदद करने में सक्षम होंगी।

| यदि आप... | संस्था | संपर्क जानकारी |
|---|---|---|
| • प्रोग्राम के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं | नेशनल बॉउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम सूचना सेवा | **1800 118 868**<br>www.cancerscreening.gov.au/bowel |
| • ये सवाल पूछना चाहते हैं कि टेस्ट किट का प्रयोग कैसे करें | टेस्ट किट हेल्पलाइन | **1800 930 998**<br>या<br>www.cancerscreening.gov.au/bowel<br>पर उपलब्ध छोटी वीडियो देखें |
| • दुभाषिया सेवाएँ प्राप्त करना चाहते हैं | अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा | **13 14 50**<br>www.tisnational.gov.au |
| • अनुवाद की गई सामग्री और पत्र प्राप्त करना चाहते हैं | नेशनल बॉउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम | www.cancerscreening.gov.au/translations |
| • सुनने की शक्ति के विकार में मदद के लिए सेवाएँ प्राप्त करना चाहते हैं | टेलीटाइपराइटर (TTY) सेवा | **1800 810 586** |
| • कैंसर के बारे में प्रशिक्षित कर्मचारियों से बात करना चाहते हैं<br>• यह पता लगाना चाहते हैं कि कौन सी स्थानीय कैंसर सेवाएँ उपलब्ध हैं | कैंसर काउंसिल | **13 11 20**<br>www.cancer.org.au |

इस प्रकाशन में दी गई सारी जानकारी नवम्बर 2017 तक सही है

11910 नवम्बर 2017